**प्रेस नोट**
**दिनांक- 08.02.2026**

**गोरखपुर जोन की 31वी अंतर्जनपदीय पुलिस वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2026 में गोण्डा पुलिस टीम द्वारा प्रथम स्थान लाकर "कुश्ती" चैंपियनशिप जीतने पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा टीम को सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना देकर बधाई दी गई।**

गोरखपुर जोन की 31वी अंतर्जनपदीय पुलिस कुश्ती-कलस्टर (बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग एवं आर्म रेसलिंग) प्रतियोगिता 2026 का आयोजन दिनांक 05.02.2026 से 07.02.2026 तक जनपद बस्ती में संपन्न हुआ था। जिसमें गोरखपुर जोन के पुलिस खिलाडियों द्वारा प्रतिभाग किया गया था। गोरखपुर जोन में जनपद गोण्डा के खिलाडियों द्वारा टीम प्रभारी व कोच के कुशल नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए जनपद बस्ती को 30 अंको से पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए कुश्ती (चैम्पियनशिप) पर कब्जा किया गया। फ्रीस्टाइल कुश्ती में उ0नि0 जगदीश यादव द्वारा 97 किलोग्राम वर्ग में, हे0कां0 शैलेष मौर्या द्वारा 90 किलोग्राम वर्ग में, हे0कां0 अफजल अली द्वारा 65 किलोग्राम वर्ग में, कां0 राजकुमार राणा द्वारा 57 किलोग्राम वर्ग में एवं कां0 शिवानन्द यादव द्वारा 70 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किये तथा हे0कां0 ओमकार विश्वकर्मा द्वारा 74 किलोग्राम वर्ग में, हे0कां0 दिनेश कुमार द्वारा 79 किलोग्राम में एवं कां0 आयुष कुमार यादव द्वारा 82 किलोग्राम वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया। वहीं ग्रीकोरोमन कुश्ती प्रतियागिता में हे0कां0 जान मोहम्मद द्वारा 97 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया गया। आर्म रेसलिंग के क्षेत्र मे आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा 80 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल व महिला आरक्षी आनीता चौरसिया द्वारा भी 80 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया गया। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हे0कां0 भूपेन्द्र गुप्ता द्वारा शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थआन प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया गया।

**प्रेस नोट**
**दिनांक – 08.02.2026**

**गोरखपुर जोन की 31वीं अंतर्जनपदीय कुश्ती-कलस्टर (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता–2026 में गोण्डा पुलिस टीम द्वारा प्रथम स्थान लाकर "कुश्ती" चैंपियनशिप जीतने पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा टीम को सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना देकर बधाई दी गई।**

गोरखपुर जोन की 31वीं अंतर्जनपदीय कुश्ती-कलस्टर (पुरुष/महिला) प्रतियोगिता–2026 के अंतर्गत आयोजित कुश्ती-कलस्टर (कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग एवं आर्म रेसलिंग) प्रतियोगिता जिसका आयोजन दिनांक 05.02.2026 से 07.02.2026 तक जनपद बस्ती में किया गया, जिसमें गोरखपुर जोन के समस्त जनपदों के पुलिस खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में जनपद गोण्डा के खिलाड़ियों द्वारा टीम प्रभारी एवं कोच के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में अत्यंत अनुकरणीय प्रदर्शन किया गया।।
जनपद गोण्डा के खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट, अनुशासित एवं सराहनीय प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर कुश्ती-कलस्टर चैंपियनशिप अपने नाम की गई। "कुश्ती-कलस्टर" प्रतियोगिता में गोण्डा पुलिस टीम ने मेज़बान जनपद बस्ती को 30 अंकों से पराजित करते हुए निर्णायक बढ़त के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया।
**फ्रीस्टाइल कुश्ती स्पर्धा में—**
1. उ0नि0 जगदीश यादव (97 किलोग्राम),
2. हे0कां0 शैलेष मौर्या (90 किलोग्राम),
3. हे0कां0 अफजल अली (65 किलोग्राम),
4. कां0 राजकुमार राणा (57 किलोग्राम) तथा
5. कां0 शिवानन्द यादव (70 किलोग्राम)

द्वारा अपने-अपने भार वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अर्जित किए गए।
इसी क्रम में—
1. हे0कां0 ओमकार विश्वकर्मा (74 किलोग्राम),
2. हे0कां0 दिनेश कुमार (79 किलोग्राम) एवं
3. कां0 आयुष कुमार यादव (82 किलोग्राम)

द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल किया गया।
**ग्रीको-रोमन कुश्ती प्रतियोगिता** में हे0कां0 जान मोहम्मद द्वारा 97 किलोग्राम वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया गया।
इसके अतिरिक्त **आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता** में—
आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार द्वारा 80 किलोग्राम वर्ग में तथा
महिला आरक्षी आनीता चौरसिया द्वारा भी 80 किलोग्राम वर्ग में
प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए गोल्ड मेडल अर्जित किया गया, जो महिला पुलिस कर्मियों की शारीरिक दक्षता एवं खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट उदाहरण है।
**बॉक्सिंग प्रतियोगिता** में हे0कां0 भूपेन्द्र गुप्ता द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं साहसिक प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल हासिल किया गया।
आज दिनांक 08.02.2026 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपने कार्यालय/पुलिस लाइन में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान गोरखपुर जोन की 31वीं अंतर्जनपदीय पुलिस कुश्ती-कलस्टर प्रतियोगिता–2026 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली गोण्डा पुलिस टीम के समस्त खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महोदय द्वारा खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनके प्रशिक्षण, अभ्यास के दौरान आने वाली समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी ली गई तथा खेल गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से खिलाड़ियों को समय से खेल उपकरण एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा यह भी कहा गया कि खेल प्रतियोगिताएँ पुलिस बल में अनुशासन, टीम भावना एवं शारीरिक-मानसिक क्षमता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, तथा गोण्डा पुलिस के खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से जनपद को गौरवान्वित किया है।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 08.02.2026**

## गैंगस्टर एक्ट के तहत अभियुक्तों की अपराध से अर्जित अवैध सम्पति कीमत 52,42,632.49/- रुपये की धनराशि सीज/कुर्क-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी अंकुश लगाने तथा संगठित अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के आर्थिक स्रोतों को ध्वस्त करने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बड़ी कार्यवाही की गयी है। इसी क्रम में संगठित गिरोह बनाकर धोखाधड़ी, मारपीट, धमकी तथा चल/अचल संपत्तियों के संबंध में जालसाजी कर अवैध धन अर्जित करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए उनकी अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को जब्त/कुर्क किया गया। उक्त गिरोह का सरगना मो0 खलील पुत्र अब्दुल हाजी नजीर तथा गैंग सदस्य चांद बाबू उर्फ तौफीक पुत्र मो0 खलील निवासीगण पटेल नगर मालवीयनगर, थाना कोतवाली नगर, जनपद गोण्डा हैं, जो आपराधिक गतिविधियों के माध्यम से धन अर्जित कर उसे विभिन्न बैंक खातों में छिपाकर रखते थे, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों की निगरानी से बचा जा सके। अभियुक्तगण के विरुद्ध उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर अवैध अर्जित संपत्ति के संबंध में रिपोर्ट तैयार कर सक्षम प्राधिकारी को प्रेषित की गयी थी। श्रीमान जिलाधिकारी, जनपद गोण्डा द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में धारा 14(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) गोण्डा श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण में राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावी जब्तीकरण/कुर्की की कार्यवाही संपन्न की गयी। इस दौरान अभियुक्तगण के भिन्न-भिन्न बैंक खातों में जमा कुल ₹52,42,632.49 (बावन लाख बयालीस हजार छह सौ बत्तीस रुपये उन्चास पैसे) की धनराशि को विधिक प्रक्रिया के तहत सीज/कुर्क कराया गया। गोण्डा पुलिस की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट संदेश गया है कि संगठित अपराध कर अवैध संपत्ति अर्जित करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा तथा उनके आर्थिक तंत्र को विधिक प्रावधानों के तहत ध्वस्त किया जाएगा। इस प्रकार की कार्यवाही से अपराधियों में भय व्याप्त है तथा आमजन में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हुई है। जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा गैंगस्टरों एवं समाज विरोधी तत्वों के विरुद्ध उनके आपराधिक कृत्यों से अर्जित अवैध संपत्तियों के चिन्हीकरण, कुर्की एवं जब्तीकरण की कार्रवाई आगे भी निरंतर, कठोर एवं प्रभावी रूप से जारी रहेगी।

**जब्त सम्पत्ति का विवरण-**

1. मो० खलील पुत्र अब्दुल हाजी नजीर निवासी पटेल नगर गोण्डा मालवीय नगर थाना को0नगर को विभिन्न खातों से कुल रु0 46,50,941.49 एवं
2. चांद बाबू उर्फ तौफीक पुत्र मो0 खलील के खातें से कुल रु0 5,91,691 सीज

**अभियुक्तों के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

01. मु0अ0सं0 665/2024 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर अधिनियम थाना कोतवाली देहात जनपद गोण्डा।

**सीज/कुर्की करने वाली टीम का विवरण-**

नायब तहसीलदार श्री चन्दन कुमार,
प्रभारी निरीक्षक थाना को0 देहात श्री शमशेर बहादुर सिंह
उ0नि0 शैलेन्द्र यादव
कां0 जागेश्वर प्रसाद
कां0 संजय कुमार

**मीडिया सेल, गोण्डा**